हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

बॉलीवुड में भी किसी अन्य इंडस्ट्री की तरह ही नेपोटिज्म...



www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 233, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## झारखंड में ईडी का 20 जगह छापा, मंत्री, आला अफसरों, इंजीनियर्स से संबंधित ठिकानों पर दबिश



**एजेंसी, रांची**

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक दबिश दी है। टीमों ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर (इकोनॉमिक ऑफेंस कंप्लेंट रिपोर्ट) दर्ज की है। ईडी ने इससे पहले आठ अक्टूबर को भी इसी मामले में रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा था। इन ठिकानों में पंडरा क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय से जुड़े ठिकाने शामिल थे। इस छापे के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी जांच अभी जारी है।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने असम में मां कामाख्या देवी के किए दर्शन



**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम पहुंचे हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां का आशीर्वाद लिया और प्रदेश की उन्नति व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मां के दर्शन के बाद सैनी गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पहुंचे, जहां पर उनका प्रदेश भाजपा की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

## ग्रामीणों ने राहुल और रेवंत रेड्डी को पोस्ट कार्ड भेज चुनावी वादे पूरे करने को कहा

**एजेंसी, हैदराबाद**



आदिलाबाद के ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पोस्टकार्ड भेजकर चुनाव के समय किए गए छह वादों के कार्यान्वयन में हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने लिखा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी वादे अब तक पूरे नहीं किए। आदिलाबाद के ग्रामीणों द्वारा भेजे पोस्टकार्ड में याद दिलाई गई है कि कांग्रेस ने महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक पेंशन, कल्याण लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को एक तोला सोना, महिला स्नातकों को स्कूटर, किसानों 15,000 रुपये प्रति एकड़ का इनपुट निवेश, किसानों के अब तक के दो लाख रुपये तक के फसली ऋण माफ करने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये करने की घोषणा की थी । बड़ी संख्या में भेजे गए पोस्टकार्ड में लिखा है कि कि कांग्रेस ने सत्ता संभालने के 100 दिन के भीतर छह गारंटी को पूरा करने का वादा किया था। पर अब तक उस दिशा में कुछ भी नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि कांग्रेस अपने वादों को पूरा नहीं करती तो वह लोग नई दिल्ली में जनपथ पर धरना देंगे । एक्स हैंडल पर ग्रामीणों के विरोध के बारे में पोस्ट करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि लोग कांग्रेस के विश्वासघात को देख पा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट का कोरोना वैक्सीन दुष्प्रभाव संबंधी याचिका पर सुनवाई से इनकार



**एजेंसी, नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना की रोकथाम के लिए बनी वैक्सीन से होने वाले दुष्प्रभाव की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस तरह की याचिका से सिर्फ सनसनी फैलती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर वैक्सीन का ईजाद ही नहीं हुआ होता तो क्या होता। आपने कभी सोचा है कि अगर वैक्सीन नहीं होती तो उसके दुष्प्रभाव क्या होते। यह याचिका गैरजरूरी है। याचिका प्रिया मिश्रा और आलोक शर्मा ने दाखिल की थी।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**एजेंसी, नई दिल्ली** : दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "दिल्ली की मुख्यमंत्री @आतिशी ने प्रधानमंत्री @ नरेन्द्रमोदी से मुलाकात की।"

### फास्ट ट्रैक चलाया जाएगा बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला: मुख्यमंत्री शिंदे



**एजेंसी, मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले में किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही महाराष्ट्र में अन्य राज्य के बदमाशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हमारे करीबी थे। सिद्दीकी पहले कांग्रेस में थे और कई विभागों का राज्यमंत्री पद उन्होंने संभाला था। इसके बाद सिद्दीकी राकांपा अजीत पवार गुट में शामिल हो गए थे। शनिवार रात बांद्रा में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई।

# एनआईए का दावा, 700 शूटरों का ग्यारह राज्यों में है नेटवर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**





एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हत्या के बाद एनआईए भी अपना काम कर रही है। एजेंसी का दावा है कि लॉरेंस विश्नोई, दाउद इब्राहिम के नक्शे कदम पर चल रहा है। उसने 11 राज्यों में 700 शूटरों का एक विशाल नेटवर्क खड़ा किया है। एनआईए ने कम से कम 16 गैंगस्टरों के खिलाफ यूएपीए के तहत चार्जशीट फाइल की है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार भी शामिल हैं। इस चार्जशीट में दावा किया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी के रास्ते पर ही आगे बढ़ रहा है। चार्जशीट में बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई और उसका टेरर सिंडिकेट नायकीय अंदाज में बढ़ा है। यह उसी तरह आगे बढ़ रहा है जैसे कि 90 के दशक में दाऊद इब्राहिम का गैंग तेजी से फैल रहा था। दाऊद इब्राहिम ने अपना नेटवर्क ड्रग्स तस्करी से बढ़ाना शुरू किया था। इसके बाद उगाही का काम शुरू हो गया। बाद में इसे डी कंपनी नाम दे दिया गया। यह गैंग पाकिस्तान के आतंकियों के साथ भी जुड़ गया। इसी तरह बिश्नोई गैंग ने भी छोटे-मोटे अपराध शुरू किए थे लेकिन अब उसका बड़ा गैंग है।एनआईए की चार्जशीट में बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बरार चलाता है जो कि कनाडा पुलिस और इंडियन एजेंसियों की लिस्ट में वॉन्टेड है। इसके अलावा बिश्नोई गैंग में 700 शूटर हैं जिनमें से 300 पंजाब के हैं। गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की तस्वीरें फेसबुक, इन्स्टाग्राम और यूट्यूब पर शेयर की जाती हैं। बिश्नोई को कोर्ट ले जाने की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके युवाओं को गैंग में शामिल करने का प्रयास किया जाता है।

### पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती और कहा- 24 घंटे में इस दो टके का नेटवर्क खत्म कर दूंगा

**एजेंसी, पटना।** निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। पप्पू यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी बताया है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इससे पहले पप्पू यादव ने जो पोस्ट की थी, उसमें बाबा सिद्दीकी को बिहार का बेटा बताया था। दरअसल बाबा सिद्दीकी बिहार के ही रहने वाले थे और बाद में मुंबई जाकर अपनी राजनीति शुरू की थी।

## बहराइच में बिगड़े हालात को काबू करने में जुटा प्रशासन

**एजेंसी, बहराइच**



उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हिंसा में मारे गए युवक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। उसी की आड़ में अराजक तत्व आगजनी की घटना और तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, दंगा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। क्षेत्र में पीएसी भी तैनात है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। विधायक व प्रशासन परिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए मनाने में जुट हुए हैं। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ प्रभावित इलाकों में गश्त पर हैं। महाराजगंज में महसी इलाके में रविवार की शाम को दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। डीजे की धुन पर लोग ना गा रहे थे। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाने को बंद करने को कहा तो दोनों समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट, पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक युवक राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद लोग और आक्रोशित हो गये और बवाल बढ़ गया। बलवाइयों ने सरकारी सम्पत्ति, दुकानों, घरों और वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। बवाल बढ़ता देखकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आसपास के जिलों से अतिरिक्त फोर्स मंगवा ली। प्रशासन और पुलिस ने किसी तरह हालात को काबू में किया।

## जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज रद्द करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को बड़ा झटका दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज यूपी सरकार के रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा कि वो यह सुनिश्चित करें कि जौहर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले सभी छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर यूपी सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज को रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, यूपी की तत्कालीन सपा सरकार ने रामपुर के मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन समेत पूरा परिसर 99 साल की लीज पर मौलाना मोहम्मद जौहर ट्रस्ट को दे दी थी।

## राष्ट्रपति मुर्मु अल्जीरिया में मिलीं भारतीय समुदाय से, कहा-आप भारत के सच्चे राजदूत

**एजेंसी, अल्जीयर्स**



भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आप भारत के सच्चे राजदूत हैं। अल्जीरिया में भारतीय समुदाय अपने देश के हितों और सॉफ्ट पावर को आगे बढ़ाने वाला पुल है। राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को यहां पहुंचीं हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर साझा की गई सचित्र पोस्ट में यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप में से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर हमारी प्राचीन भूमि के मूल्य और संस्कृति को समेटे हुए है। जब भी आप किसी अल्जीरियाई व्यक्ति से मिलते हैं, तो आप उसका परिचय भारत की भावना से कराते हैं। भारत सरकार और भारतीय समाज ने विदेशों में भारत की स्थिति, प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भारतीय समुदाय के योगदान को हमेशा महत्व दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में कल अल्जीरिया पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने उनका जोरदार स्वागत किया। अल्जीरिया सरकार की कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## इजराइल की सैन्य ताकत बढ़ेगी

## अमेरिका 100 सैनिकों के साथ भेजेगा उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका ने इजराइल को उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली भेजने का फैसला किया है। साथ ही इसे संचालित करने के लिए लगभग 100 अमेरिकी सैनिक भी भेजे जाएंगे। सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमलों के बाद यह इजराइल में अमेरिकी सेना की पहली तैनाती होगी। यह जानकारी पेंटागन ने दी। द न्यूयार्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इस कदम से बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए डिजाइन की गई जमीन-आधारित इंटरसेप्टर प्रणाली का संचालन करने वाले अमेरिकी सैनिक मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध के करीब पहुंच जाएंगे। पेंटानग ने यह कदम ईरान के पहली अक्टूबर को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों सहित लगभग 200 मिसाइलें दागने के बाद उठाया है। इस समय ईरान पर इजराइल जवाबी कार्रवाई की योजना बना रहा है। खबर में कहा गया है कि रविवार को जब इस बारे में पूछा गया तो राष्ट्रपति जो बाइडेन ने केवल इतना कहा कि उन्होंने पेंटागन को इजरायल के लिए रक्षा प्रणाली तैनात करने का आदेश दिया है। इस बीच हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में एक सैन्य अड्डे के खिलाफ ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं।



# भगवान महाकाल 18 अक्टूबर से आधा घंटा देरी से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

**एजेंसी, उज्जैन**



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा। पं. महेश पुजारी ने रविवार को बताया कि महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या बदलती है। वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के मौसम अनुसार चल रही है। भगवान ठंडे जल से स्नान कर रहे हैं, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मंदिर में सर्दी की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन से भगवान महाकाल ठंडे के बजाय गर्म जल से स्नान करना प्रारंभ करते हैं। साथ ही आरती का समय भी बदलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन सुबह सात बजे दद्योदक अर्थात बालभोग आरती हो रही है। इस आरती में भगवान को दही-चावल का भोग लगाया जाता है। आगामी 18 अक्टूबर से यह आरती सुबह 7.30 बजे से होगी। इसी प्रकार वर्तमान में सुबह 10 बजे भोग आरती हो रही है। इसमें भगवान को दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान का नैवेद्य लगाया जाता है। यानी भगवान सुबह 10 बजे भोजन कर रहे हैं। वहीं, 18 अक्टूबर से भोग आरती सुबह 10.30 बजे होगी। इसका आशय यह है, सर्दी में भगवान आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। वर्तमान में संध्या आरती शाम सात बजे की जा रही है, लेकिन 18 अक्टूबर से संध्या आरती प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ओम कुमार सिंह ने डिप्टी सीएम के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया

**पटना/सोनपुर।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सोनपुर विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ भाजपा नेता ओम कुमार सिंह ने भी शिरकत की। इस दौरान सम्राट चौधरी के पिता और पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी से उन्होंने मुलाकात की तथा उनका कुशल क्षेम पूछा। ओम कुमार सिंह सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से खूब सक्रिय हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म पखवाड़े में उन्होंने कई बड़े कार्यक्रमों का आयोजन सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में करवाया था। पार्टी के सदस्यता अभियान में भी वे बढ़ चढ़कर अपने विधानसभा क्षेत्र में भाग ले रहे हैं समय-समय पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सहायता के लिए भी उनकी टीम तत्पर रहती है।

### नीतीश सरकार की सात निश्चय योजना ने बदली बिहार की तस्वीरः उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शुरू की गई सात निश्चय योजना [प्रदेश के सर्वांगीण में मील का पत्थर साबित हुआ है। सात निश्चय योजना के बेहतर संचालन और क्रियान्वयन का सकारात्मक असर सूबे के सुदूर गांवों तक नजर आता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं के विस्तार पर भी खासा जोर दे रही है। सरकार के प्रभावी प्रयासों से औद्योगिक प्रोत्साहन एवं निवेश की दिशा में अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप नीति के तहत युवाओं को 10 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य के सभी सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी का क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। लड़कियों के उच्चतर शिक्षा हेतु इंटर में उत्तीर्ण होने पर 25 हजार रुपये एवं स्नातक में उत्तीर्ण होने पर 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना ने भी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कारगर साबित हुआ है। श्री कुशवाहा ने कहा कि साधनहीन छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु नीतीश सरकार निम्न ब्याज पर 12वीं के बाद 4 लाख रुपए ऋण देती है। साथ ही सरकार स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को 1,000 रुपये प्रतिमाह आर्थिक मदद दे रही है। बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान, संवाद कौशल एवं व्यवहार कौशल हेतु कुशल युवा कार्यक्रम का भी संचालन हो रहा है।

### बाबा सिद्दीकी की हत्या पर विपक्ष की राजनीति दुर्भाग्यपूर्णः सुमन

**पटना।** प्रावैधिकी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डाक्टर संतोष कुमार सुमन ने महाराष्ट्र के एनसीपी अजित पवार के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख प्रकट किया और इस पर इंडी गठबंधन की राजनीतिक बयानबाजी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। डा सुमन ने कहा देश में जहां भी एनडीए सरकार है, वहाँ तुरंत कार्रवाई होती है, अपराधी को बचाया नहीं जाता। बाबा सिद्दीकी मामले में भी मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद की सरकार के समय मुख्यमंत्री आवास में अपराधियों की डिनर पार्टीऔर डील होती थी। तेजस्वी यादव को महाराष्ट्र की घटना पर बोलते समय अपने बिहार में अपने माता-पिता के शासन की हालत को नहीं भूलना चाहिए। डा.सुमन ने कहा कि राजद, कांग्रेस के नेताओं को महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फणनवीस से इस्तीफा मांगने के पहले अपनी सरकारों का ट्रैक रिकार्ड देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजद के नेता तेजस्वी यादव को गैंगवार में हुई एक हत्या पर छाती पीटने से पहले बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के राज में बिहार का क्या हाल था? सिवान के आतंक शहाबुद्दीन को किसने राजनीतिक संरक्षण देकर विधायक और सांसद बनाया था?डा सुमन ने कहा कि राजद के 15 साल के शासन में जितने भयानक हत्याकांड और नरसंहार हुए, उसकी मुम्बई की घटना से कोई तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन क्या राजद सरकार के किसी मंत्री ने किसी आपराधिक घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर कभी इस्तीफा दिया है? लालू प्रसाद तो मोरल ग्राउंड पर इस्तीफा मांगने वालों का मजाक उड़ाते रहे हैं।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ 16 को कांग्रेस का जिला मुख्यालयों में मार्च और प्रदर्शन

**पटना।** बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनजागरण अभियान के बाद अब अगली कड़ी में 16 अक्टूबर दिन बुधवार को राज्यव्यापी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि बिहार कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रत्येक जिला में प्रभारियों की नियुक्ति की है जो 16 को अपने जिले में वहां के स्थानीय जिलाध्यक्ष के साथ बिजली विभाग के कार्यालय तक मार्च और उसके बाहर प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी तय की जा चुकी है। इसी के तहत आगामी 16 अक्टूबर दिन बुधवार को राज्यव्यापी सभी जिला मुख्यालयों में स्मार्ट मीटर के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन होना सुनिश्चित हुआ है। कल सूबे के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा ताकि इस निरंकुश सरकार को गरीबों के खून चुसवा मीटर से निजात दिलाया जा सकें। इससे पहले नालंदा और कैमूर जिला मुख्यालयों में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने जनजागरण अभियान का नेतृत्व किया। एक हफ्ते तक राज्य के विभिन्न जिला में ये जनजागरण अभियान लगातार संचालित की गई।

### एनडीए सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने माता-पिता का शासनकाल याद करें तेजस्वीः मंगल

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि तेजस्वी यादव को देश और प्रदेश की एनडीए सरकार को कोसने व आरोप लगाने से पहले अपने माता-पिता के भयावह शासनकाल को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हुई एक हत्या को लेकर तेजस्वी यादव का यह कहना कि एनडीए सरकार में देश में कोई सुरक्षित नहीं है, सरासर बेबुनियाद व बेतुका आरोप है।श्री पाण्डेय ने अपने बयान में कहा है कि पूरे देश में आज लोगों को देश की सीमा से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व की एनडीए सरकार पर भरोसा है। एनडीए सरकार ने न केवल देश की सीमा की सुरक्षा को पुख्ता किया है बल्कि आए दिन होने वाले आतंकी वारदातों पर कारगर अंकुश लगा कर आम लोगों में सुरक्षा का भाव भी पैदा किया है। बिहार में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सुशासन व कानून का राज स्थापित किया है। अपराध की सामान्य घटनाओं के खिलाफ भी कानून सख्ती से अपना काम करता है और अपराधी कोई भी हो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप व भेदभाव के उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल में अपराधी कानून को ठेंगे पर रख कर कोहराम मचाते थे और प्रदेश की जनता डरी-सहमी रहती थी। एनडीए सरकार को आरोपित करने से पहले तेजस्वी यादव को एक बार भय व दहशत के उन गुजरे दौर को भी याद कर लेना चाहिए, जिसके स्मरण मात्र से आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

# एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला) गौरव यात्रा का मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**बिहार में पहली बार आयोजित होनेवाली विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के संदर्भ में आयोजित की जा रही है ट्रॉफी गौरव यात्रा**

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग में आयोजित समारोह में हरी झंडी दिखाकर एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला) गौरव यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले ट्रॉफी का अनावरण किया। इसके पश्चात् ट्रॉफी गौरव यात्रा के बस में साथ जानेवालीं एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल की बच्चियों को मुख्यमंत्री ने ट्रॉफी सौंपा। मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, खेल मंत्री एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों को एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल की बच्चियों ने हॉकी स्टीक भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने हॉकी गौरव यात्रा के लिये तैयार की गयी बस का मुआयना किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर बस को विदा कर यात्रा का शुभारंभ किया। ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक आयोजित होनेवाली अंतर्राष्ट्रीय 'विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024' के संदर्भ में ट्रॉफी गौरव



यात्रा 14 अक्टूबर से 10 नवंबर तक निकाली जा रही जो हरियाणा, पंजाब, ओडिशा और झारखंड राज्यों के अलावा बिहार के सभी 38 जिलों से होकर गुजरेगी। विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी टीम हिस्सा ले रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजगीर खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में प्रतियोगिता के सभी मैच खेले जाएंगे। भारत 2023 का विजेता है इसलिए ट्रॉफी भारत के पास ही है जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। ट्रॉफी गौरव यात्रा का उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति का विकास और खेल के क्षेत्र में राज्य की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी के गौरव के प्रति लोगों को जागरूक कर पहली बार बिहार में होनेवाली इस प्रतियोगिता को सफल बनाना है। जहां-जहां ट्रॉफी गौरव

- » राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में 11 से 20 नवंबर तक आयोजित होनेवाली विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ईलैंड की महिला हॉकी टीम हिस्सा ले रही हैं हिस्सा
- » ट्रॉफी गौरव यात्रा का उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति का विकास, खेल के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ साथ भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी के गौरव के प्रति लोगों को जागरूक कर इस प्रतियोगिता को सफल बनाना है
- » 14 अक्टूबर से 10 नवंबर तक पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखण्ड राज्यों के अलावा बिहार के सभी 38 जिलों से गुजरेगी ट्रॉफी गौरव यात्रा
- » खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, हॉकी इंडिया और एशियन हॉकी फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024

यात्रा पहुंचेगी वहां स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वहां ट्रॉफी के स्वागत और सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे ताकि बिहार में पहली बार होने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयास के सकारात्मक परिणाम के रूप में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता 'विमेंस एशियन चौंपियंस ट्रॉफी 2024' की मेजबानी करने का गौरव बिहार को प्राप्त हुआ है। गौरतलब है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 29 अगस्त को राजगीर खेल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय खेल अकादमी और एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड का उद्घाटन किया था और 5 अक्टूबर को विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के शुभंकर और लोगो का अनावरण भी किया था। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक आलोक राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ० बी० राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, खेल विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार में कभी भी चार विधानसभा उपचुनाव की हो सकती है ऐलान

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** बिहार विधानसभा की चार सीटों पर बेलागंज, रामगढ़, इमामगंज, तरारी पर कभी भी उपचुनाव की ऐलान हो सकती है। यह उन क्षेत्रों के विधायकों के सांसद चुने जाने पर रिक्त हुई है। इनमें तीन सीटें महागठबंधन की है, एक सीटें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अजय की है। भले ही चुनाव आयोग की तरफ से अभी ऐलान नहीं हुई है परंतु राजनीतिक पार्टियों द्वारा तैयारी की चर्चा है। सबसे गंभीर विषय है कि भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के बाद जयसवाल की बिहार बीजेपी की बागडोर संभालने के बाद यह पहला चुनाव है। बताया जाता है कि यह उपचुनाव में दो सीट पर भाजपा लड़ने की तैयारी कर रही है। इनमें भोजपुर आरा जिले की

**» इस चुनाव में जन स्वराज पार्टी भी भाग्य आजमाएंगे**

तरारी एवं कैमूर जिले की रामगढ़ सीट सम्मिलित है। दोनों सीटों पर 2020 में विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार हुई थी। बेलागंज में जदयू प्रत्याशी देगा तो, इमामगंज से केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी के परिवार के सदस्य को मैदान में उतरने की तैयारी है। बताया जाता है कि चारों सीट पर जन स्वराज पार्टी भी अपने उम्मीदवार उतारेगी। बताया जाता है कि इस बार जदयू और भाजपा का जीत आसान नहीं है। क्यों कि जदयू और भाजपा दोनों ने मिलकर बिहार को अपराध और भ्रष्टाचार का साम्राज्य बना दिया। चर्चा पर विश्वास करें तो इस बार राजद और जनस्वराज के बीच होगी। सबसे ज्यादा मुसीबत भाजपा के लिए है क्योंकि जदयू का पिछलगु बनकर ही रहना होगा । यदि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर पर पहुंचा दी जाती है तो ऐसी स्थिति में भाजपा का मुकाबला कोई नहीं करता। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीनारायण सिंह पटेल ने कहा की बड़ी दुख के साथ कहना पड़ता है कि बिहार के भाजपाई तीन ही काम सीखा है कार्यकर्ताओं से नारा लगवाना माला पहनना और फोटो खिंचवाना? यही कारण है की गांव में भाजपा के बारे में सिर्फ मोदी का नाम जानते हैं, तथा बड़े-बड़े पद पर बैठे भाजपाई को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा नहीं रहा सिर्फ जीत के लिए नरेंद्र मोदी पर भरोसा है।भविष्य बताएगा क्या होगा।

## चिराग पासवान फ्रांस के डिजॉन शहर में आयोजित 45वें विश्व वाइन एवं सम्मेलन में हुए शामिल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने फ्रांस के डिजॉन शहर में आयोजित 45वें विश्व वाइन एवं सम्मेलन को संबोधित किये। चिराग ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मेलन में भाग लेना, अंगूर की खेती और वाइन विज्ञान में वैश्विक नवाचारों पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ाने, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और कृषि-खाद्य क्षेत्र में मूल्यवर्धित अवसरों की खोज करने के भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हम मिलकर वैश्विक व्यापार को मजबूत कर सकते हैं, विरासत को संरक्षित कर सकते हैं, तथा किसानों और खाद्य प्रसंस्करण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सतत विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। चिराग पासवान ने एक्स पर पोस्ट



कर लिखा है कि पर्नौड रिकार्ड के अधिकारियों से आज सार्थक बातचीत हुई, जहाँ उन्होंने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 की सफलता की सराहना की। उन्होंने भारत को विश्व के सबसे उभरते हुए बाजारों में से एक मानते हुए यहां विस्तार की योजनाओं पर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। भारत में इनका विस्तार हमारी अर्थव्यवस्था को गति देगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। हम 'मेक इन इंडिया' और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' के तहत वैश्विक कंपनियों को भारत में कारोबार स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक निवेशकों के लिए भारत में व्यापार विस्तार की असीम संभावनाएं हैं, जो दीर्घकालिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

# विभिन्न पार्टी के नेताओं ने थामा विकासशील स्वराज पार्टी का दामन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुज़फ़्फ़रपुर के एक होटल में विकासशील स्वराज पार्टी के ओर से आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद के मौजूदगी में हिंदुस्तान सम्पूर्ण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ चौथी यादव ने अपने पार्टी का विलय विकासशील स्वराज पार्टी में किया और इन्हें पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं हम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। पूर्व राज्य



उपाध्यक्ष वीआईपी पार्टी राजेश राम रमैया को संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किया गया, अमित विक्रम मुज़फ़्फ़रपुर महानगर के युवा जदयू के पूर्व अध्यक्ष को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। डॉ अजय कुमार को सलाहकार समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। एडवोकेट दिनेश रावत को विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। नीलम कुशवाहा को महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने सभी का माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिहार को बेहतर विकल्प कैसे मिले और इसी के लिए हम संघर्ष कर रहे है उसी संघर्ष के कड़ी में आज अपने अपने क्षेत्र के तरासे हुए हीरा है उन सभी ने हमारे पार्टी के विचार जो कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े लोग कैसे आगे आये से प्रभावित हो कर सभी ने हमारे संघर्ष में डटे रहने का भरोसा देते हुए शामिल हुए है और मुझे पूरी उम्मीद है कि ये लोग अपने बातो पर खड़ा उतरेंगे। इस मौके पर उन्होंने शहीद जुब्बा सहनी को भारत रत्न देने के लिए जुब्बा सहनी जन्मस्थली से पटना तक होगा पैदल मार्च करने की घोषणा भी उन्होंने किया।

## विभागीय योजनाओं का शीघ्र करें निष्पादन : प्रेम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार नेविभागीय समीक्षा के क्रम में योजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को लंबित वादो के सावधिक समीक्षा का निर्देश दिया। उन्होंने सहकारी बैंकों की ओर से वितरित ऋण की भी समीक्षा की गई। सहकारी बैंको को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि बैंको द्वारा वितरित ऋण की ससमय वसूली हो। मंत्री ने वितरित ऋण के लाभाथीर्यों का सत्यापन कर वसूली के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति

**» लाभार्थियों का सत्यापन कर ऋण वसूली के लिए चलाएं अभियान**

को बहुउद्देश्यीय बनाया जा रहा है। ग्रामीणों एवं कृषकों को एमएसपी पर अधिप्राप्ति की सुविधा सहित सस्ती दवाए, बीज, खाद, उर्वरक, किटनाशक आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। पैक्सों में कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। मंत्री ने बताया गया कि इन सेवाओं की जानकारी व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमजन तक पहुंचायी जाय। जिससे की पैक्सो की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो तथा पैक्स आर्थिक रूप से सषक्त हो सकें।

## हर घर नल का जल से हो रहा सामाजिक परिवर्तन : मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार सरकार की प्रमुख योजना "हर घर नल का जल" ने राज्य में सामाजिक परिवर्तन का एक नया अध्याय लिखा है। इस योजना से लगभग 1.74 करोड़ के करीब घरों को 70 एलपीसीडी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह योजना न केवल स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि समाज के हर तबके के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जल की गुणवत्ता और उपलब्धता में बड़ा सुधार देखा गया है। जहां पहले लोग दूषित जल पीने को मजबूर थे, वहीं अब हर घर में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल जलजनित बीमारियों में कमी आई है, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य और जीवनस्तर भी बेहतर हुआ है। विभाग की ओर से बताया गया कि इस योजना का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं हुआ है। पहले जहां उन्हें पानी लाने के लिए दुसरे के घर जाना पड़ता था ,अब घर बैठे नल से जल की सुविधा प्राप्त हो रही है। दरवाज ेपर सुरक्षित, पर्याप्त और सुनिश्चित पानी की आपूर्ति होने से महिलाओं के समय और श्रम की बचत हो रही है। विद्यालयों में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र को भी नल कनेक्शन से आच्छादित किया गया है जो छात्रों के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है। घरो ंके साथ-साथ स्कूलों में भी नल के पानी की उपलब्धता के कारण नामांकन बढ़ रहा है। अब बच्चों को पानी पीने के लिए बाहर जाने की जरूरत नही पड़ती। बचे हुए समय का उपयोग बच्चे अपने पढाई के लिए करते है। वार्ड स्तर पर जल आपूर्ति योजनाओं की स्थापना से रोजगार के साधन भी पैदा होत ेहैं। एक लाख से अधिक लोगों को अपने ही गांव के वाडर् म ेंपंप ऑपरेटर-मैकेनिक की नौकरी मिल रही है। यहा ंतक कि महिलाएं भी पंप ऑपरेटर के रूप में काम कर रही हैं। गांव की महिलायें पंप ऑपरेटर के रूप में जलपूर्ति योजनाओं के रख रखाव में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । तीन हजार से अधिक पंचायतों में मरम्मति दल तैनात किये गये हैं। जल की समान उपलब्धता ने समाज में समरसता और एकजुटता को भी प्रोत्साहित किया है। सभी वर्गों के लोगों को एक समान रूप से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से भेदभाव की भावना कम हो रही है। "हर घर नल का जल" योजना से बिहार में सामाजिक और आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। यह योजनाजल संकट को दूर करने और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ जल की सुविधा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य का हर नागरिक स्वच्छ जल का उपभोग कर सके और एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो।

## 18 से 29 अक्टूबर तक 9 जिलों में लगेगा एक दिवसीय नियोजन मेला

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्रदान कराने के साथ स्वरोजगार से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। इसी उद्देश्य से श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में कार्यरत निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण की पहल पर एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इसमें सम्मिलित होने के लिए युवाओं को सर्वप्रथम विभाग पोर्टल पर निबंधन कराना आवश्यक होगा। जिसपर निबंधन की सुविधा आयोजन स्थल पर भी उपलब्ध होगी। युवा विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित जिला के

**» तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

नियोजनालय कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। मेला में देश की प्रसिद्ध एवं नामचीन कंपनियां आकर युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएंगी। ज्ञात हो कि 18 अक्टूबर को यह मेला नवादा में, 19 अक्टूबर को खगड़िया, 21 अक्टूबर को बेगूसराय, 22 अक्टूबर, को नालंदा, 23 अक्टूबर को शेखपुरा, 24 अक्टूबर को समस्तीपुर, 25 अक्टूबर को दरभंगा, 28 को अक्टूबर को मधुबनी तथा 29 अक्टूबर को सुपौल में आयोजित होगी। विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि विभाग द्वारा नियमित रूप से नियोजन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिलास्तर पर इस मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा युवाओं के लिए कुशल युवा कार्यक्रम, इरउत्रऋअ, डोमेन स्किल्लिंग, भर्त्ती-प्रशिक्षण और तैनाती एवं पुर्वाजित ज्ञान प्रमाणन का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है, जिससे जुड़कर युवा अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। हाल ही में विभाग द्वारा समेकित सूचना-सह-समाधान केंद्र की स्थापना कर टोल फ्री नंबर जारी किया गया है जिसमें हर दिन सुबी आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक युवा बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य योजनाओं की सुलभ जानकारी एवं प्रतिभागियों के समस्याओं के समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## दो दिनों से लापता ईंट भट्ठा संचालक का शव खेत से बरामद

**छपरा।** एकमा थाना क्षेत्र के गलिमापुर से दो दिनों से लापता ईंट भट्ठा व्यवसायी का शव सोमवार को खेत से मिला। मृतक शख्स के शरीर पर गहरे जख्म के निशान थे। अनुमान लगाया जा रहा कि उनकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। वहीं, व्यवसायी के पांव में भी साइलेंसर से जले के निशान हैं। जहां से उनका शव मिला वहां भी खून पसरा हुआ था। गांव की महिलाओं ने शव देखा जिसके बाद परिजनों ने सूचित किया। फिर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।बता दें कि मृतक काशीनाथ सिंह 12 अक्टूबर की शाम से लापता थे। उनको तलाशने के लिए सोशल मीडिया पर फ़ोटो पोस्ट की गई थी। हत्या के स्पष्ट कारणों का जानकारी नहीं मिली है, लेकिन परिजनों ने पुराने विवाद में हत्या होने की बात कही है।काशीनाथ सिंह के बेटे ने बताया कि हम लोगों का ईंट भट्ठा का व्यवसाय है। शनिवार की शाम में पिताजी खाली जाने का बोलकर घर से निकले। देर रात तक वापस नहीं आए। घर वालों को लगा कि चिमनी पर ही सो गए होंगे। सुबह में चिमनी पर पता किए जाने के बाद कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई।सुबह खेत में काम करने वाली महिलाओं ने शव को देखा।

## ओकरी हाई स्कूल के 81 बैच के मित्रों का मिलन सामारोह का हुआ आयोजन



**जहानाबाद।** ओकरी हाई स्कूल के 1981 बैच के पास आउट पूर्ववर्ती छात्रों का ओमकार आईटीआई ओकरी कॉलेज में मिलन समारोह सौहार्द एवं मित्रता के माहौल में संपन्न हुआ 1981 बैच के सहपाठियों के इस मिलन समारोह में सर्वसम्मति से सहमति बनी की हर एक साल हमलोग एक दिन अवश्य मिलकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा करेंगे ताकि स्थानीय समुदायों सहित आने वाली पीढ़ियों के लिए नजीर बन सकें। वरिष्ठ वैज्ञानिक जल संसाधन मंत्रालय भारत सरकार में कार्यरत उमाशंकर विद्यार्थी ने कहा कि इस फोरम का विस्तार हाई स्कूल ओकरी के एलुमनाई संगठन के रूप में होना चाहिए। देश के विभिन्न भागों में रह रहे ओकरी हाई स्कूल के लोगों को कनेक्ट किए जाने की जरूरत है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया से सेवानिवृत वरीय प्रबंधक अवधेश प्रसाद वर्मा ने ऐसी बातों मुलाकातों के लिए अपने सक्रिय सहयोग की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस कार्यक्रम के संयोजक श्याम कुमार ने प्रस्ताव रखा की ओकरी हाई स्कूल के अपनी यादों को संजोने के लिए इस इलाके में शिक्षा की बेहतरी के लिए एक ट्रस्ट का गठन होना चाहिए। विजेंद्र शर्मा एवं एग्रो केमिकल के क्षेत्र में कार्यरत जोनल मैनेजर सतीश कुमार का कहना था कि प्रस्तावित ट्रस्ट के द्वारा स्कूलिंग के साथ साथ स्किलिंग का कार्य स्थानीय समुदाय के लिए लाभकारी रहेगा उच्च विद्यालय शकुराबाद के प्राचार्य राम विनोद शर्मा ने अपने स्कूल के दिनों की यादों को साझा करते हुए कहा कि ओकारी स्कूल की शिक्षा का ही प्रभाव है की 16 वर्ष की उम्र के सहपाठीगण आज 60 की उम्र में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए जमा हुए हैं। रायपुर छत्तीसगढ़ से आए स्टेट बैंक आफ इंडिया पटना के वरीय प्रबंधक नंदकिशोर शर्मा ने कहा इस मुलाकात के सिलसिले को निरंतर जारी रखना चाहिए इस मौके पर श्रीकांत शर्मा रंगेश चंद्र नंदकिशोर लक्ष्मीकांत आजाद उमेश प्रसाद जय राम शर्मा सुरेंद्र मिस्त्री अर्जुन यादव सहित 81 बैच के सभी उपस्थित सहपाठियों ने सहभोज मिलन समारोह में शिरकत की एवं अपनी पुरानी यादों को ताज़ा किया और कहा की 60 साल की उम्र में ऐसा लग रहा है जैसे मानो हम बचपन में लौट आए हैं।

## दरभंगा प्रक्षेत्र के मत्स्य योजनाओं की निदेशक ने की समीक्षा

**पटना।** निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में सोमवार को दरभंगा परिक्षेत्र की राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई। उक्त बैठक में उपस्थित उप मत्स्य निदेशक, दरभंगा परिक्षेत्र तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी, समस्तीपुर, मधुबनी, एवं दरभंगा को वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए निदेशित किया एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाओं के सभी अवयवों के लिए लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन सृजित कराने, चयन समिति एवं जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलसी कराकर योजनावार, अवयववार एव कोटिवार कायार्देश निर्गत कराने के लिए कहा गया। जिससे ससमय शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा सके। साथ ही उप मत्स्य निदेशक दरभंगा परिक्षेत्र, को अवयववार सभी संबंधित जिलों की सघन समीक्षा करने तथा योजना के लाभुकों को नियमानुसार कायार्देश एवं अनुदान भुगतान हेतु अपेक्षित कार्रवाई करने हेतु कहा गया। वहीं बैठक में वीसी के माध्यम से सीएससी द्वारा आयोजित सभी मत्स्य विभाग के राज्य और जिला नोडल पदाधिकारी के लिए राज्यवार ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र छथ्क्च् च्वतजंस पर निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में समपन्न की गई।

## बिहार में पिछले एक दशक में मछली उत्पादन में 193 प्रतिशत की वृद्धि : संजय झा

**पटना/कार्यालय संवाददाता।** जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरगामी नीतियों का सुफल है बिहार में पिछले एक दशक में मछली उत्पादन में 193 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि एवं इसके सहवर्ती क्षेत्र हैं, जो खाद्य सुरक्षा, आजीविका और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में राज्य में कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्र की औसत वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक रही है। कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से उनके कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2006 में नई कृषि नीतियों की घोषणा और वर्ष 2008 में प्रथम कृषि रोडमैप की शुरूआत की गई।उन्होंने कहा कि अब तक तीन कृषि रोडमैप के तहत किये गये सुनियोजित प्रयासों के कारण राज्य में न केवल धान, मक्का, गेहूं और आलू सहित प्रमुख फसलों एवं सब्जियों के उत्पादन तथा उत्पादकता में व्यापक वृद्धि हुई है, बल्कि पशुपालन, #मत्स्यपालन और गव्य क्षेत्र में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है, जो ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और आय में वृद्धि के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इससे राज्य के किसानों और ग्रामीणों की आय निरंतर बढ़ी है। आय बढ़ने के साथ-साथ दूध, दही, सब्जी, मछली, अंडा आदि को आहार में शामिल करने से उनके पोषण स्तर में भी निरंतर सुधार हुआ है। राज्य में अक्टूबर 2023 से चतुर्थ कृषि रोडमैप (वर्ष 2023-28) के तहत कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्र के विकास को एक नये शिखर पर पहुंचाने का सफर भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मानना है कि विकसित बिहार के सपने को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास जरूरी है।

# आज से बीएड अंतिम वर्ष की परीक्षा प्रारम्भ, एक घण्टे पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के बीएड सत्र 2022-24 की परीक्षा का आयोजन आज से विश्वविद्यालय के एग्जाम सेंटर में आयोजित होगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एग्जाम सेंटर पर सभी छात्रों को एक घंटा पूर्व में रिपोर्टिंग करनी होगी। जेपी यूनिवर्सिटी के क्षेत्रान्तर्गत छपरा सिवान और गोपालगंज के सभी बीएड कॉलेज का सेंटर यूनिवर्सिटी बिल्डिंग के परीक्षा भवन में ही आयोजित होना है। फाइनल परीक्षा एक पाली में आयोजित किया जाना है,परीक्षा सुबह 11 बजे से दो बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि 15 से 19 अक्टूबर तक मुख्य विषयों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके बाद 23 से 24 अक्टूबर तक कॉलेजों में प्रैक्टिकल व इपीसी-फोर की परीक्षा ली जायेगी। शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर गाइडलाइन भी जारी किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले पहुंचना होगा।

## नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई, भावुक हुए भक्त

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** शारदीय नवरात्र पर नौ दिनों तक मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद सोमवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अलग-अलग दुर्गा पूजन समितियों ने शोभायात्रा निकाली जो शहर तथा गाँव के मुख्यमार्गों से होते हुए विसर्जन के लिए ले जाई गईं।मां के बने प्रतिमा को नम आंखों से सदर प्रखंड के सुजान छपरा के आयोजन समिति के सदस्यों ने मां दुर्गा की विदाई दी। हमनी के छोड़ के नगरिया हो..कइसे करी हम बिदाई के गीत भाव विभोर कर रहा था। ढोल नगाड़े एवं बाजे के साथ निकली शोभायात्रा भ्रमण के बाद मां की विदाई दी गई। श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते दिखे, माता की विदाई के लिए प्रतिमा को ट्रैक्टर पर पुरे गांव में भ्रमण करने के बाद तालाब में विसर्जित की गई। लाल चुनरी ओढे बडी संख्या में युवाओं-युवतियों के अलावे पुरूषों एवं महिलाए बड़ी संख्या में मां की अंतिम विदाई में शामिल हुई। पूरा सुजान छपरा भक्तिमय माहौल बना हुआ था, जय माँ दुर्गे की जय घोष से पुरा इलाका गूंजायमान हो उठा।

## पैसेंजर ट्रेन से भारी मात्रा में शराब के साथ तीन शराब तस्कर गिरफ्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** बिहार में शराबबंदी होने के बावजूद भी दूसरे राज्यों से लगातार शराब की खेप बिहार में आ रही है और शराब तस्कर इसके बगल के राज्यों उत्तर प्रदेश, बंगाल और अन्य राज्यों से बिहार में बड़ी मात्रा में शराब लाकर खपा रहे हैं।इसी कड़ी मे सोमवार को छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवान जब स्टेशन चेकिंग कर रहे थे, उस दौरान मऊ से चलकर छपरा कचहरी आने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 05114 के प्लेटफार्म संख्या दो पर आई। उस दौरान आरपीएफ के जवान संतोष कुमार पांडे, संतोष कुमार, जीआरपी के थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने गाड़ियों की चेकिंग शुरू की तो आगे से तीसरी बोगी में तीन युवक संदिग्ध अवस्था में भागते हुए नजर आए। आरपीएफ के जवानों ने इन अपराधियों को दौड़कर पकड़ा और उसकी निशानदेही पर बड़ी मात्रा में शराब की खेप बोगी से बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत लगभग 50 हजार बताई गई है।शराब के साथ पकड़े गए तीनों शराब तस्करों की पहचान विकास कुमार, अनूप कुमार और विवेक कुमार की रूप में की गई है,जो साढ़ा,मांझी और नगरा के रहने वाले हैं।

# सड़क निर्माण कार्य नज़दीक आ चुका, अन्य भूस्वामी को भुगतन भी हो गया, हमारे साथ नाइंसाफी क्यों-अकदस तौहीदी

नई सोच एक्सप्रेस



**ताजपुर/समस्तीपुर।** 2021 में नोटीस देकर भारत माला परियोजना द्वारा हमारा करीब 18 कट्ठा भूमि एवं मकान अर्जित किया गया। सड़क निर्माण कार्य हमारे जमीन के करीब आ गया। पड़ोसियों को मुआवजा मिल गया। तमाम कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाबजूद आजतक हमलोगों को न मुआवजा का राशि दिया गया और न ही एनओसी मिला। मजबूरन हमलोग हमलोग सपरिवार नवंबर प्रथम सप्ताह से जिलाधिकारी के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करेंगे।उक्त आशय का घोषणा सोमवार को शाहपुर बघौनी वार्ड-11 निवासी पीड़ित परिवार के सदस्य नौशाद तौहीदी, अकदस तौहीदी, असद तौहीदी, जावेद तौहीदी, फैयाज तौहीदी, ईर्शाद तौहीदी, मो० मुंतजिर आदि ने संयुक्त रूप से की। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य नौशाद तौहीदी ने कहा कि 2021 में ताजपुर अंतर्गत मौजा शाहपुर बघौनी, थाना नं०-71 के खेसरा संख्या-2930, 2931, 2939, 2937, 2940, 2941 का भूमि एवं मकान कुल रकबा करीब 18 कट्ठा भारत माला परियोजना एन एच आई-19 डी द्वारा अर्जित किया गया जो हमारे पूर्वजों के नाम सीएस खतियान में दर्ज है। भवन निर्माण विभाग उक्त सभी खेसरा पर संयुक्त रूप से बने पैतृक मकान एवं संरचना का मूल्यांकन अकदस तौहीदी, नौशाद तौहीदी एवं फरीक के नाम से किया जा चुका है। तमाम कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाबजूद परियोजना आजतक मुआवजा भुगतान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि की बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन भी दिया गया एवं मिलकर भी बताया कि मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए ताकि वैकल्पिक आवास बना सकूं या फिर एनओसी दे दिया जाए ताकि मकान मरम्मत कराकर उसमें रह सकूं लेकिन परियोजना मामले को उलझाकर रखें हुआ है। हमलोग परेशान हैं। अतः मामले का निराकरण के लिए हमलोग सपरिवार नवंबर प्रथम सप्ताह से जिलाधिकारी के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे।

## मां दुर्गा का शांतिपूर्ण नदी में किया गया विसर्जन

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के दुर्गा पूजा समिती के द्वारा प्रतिमा का विसर्जन भक्ति भाव से किया गया। सभी पूजा स्थल से गाजा बाजा के साथ भव्य जुलुश निकाली गई।देवी देवताओं के प्रतिमाओं को वाहन पर रखने के पहले विधिवत पूजा की गई। माता के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंज्यान रहा।बैंड पर बज रहे भक्ति गीत पर लोग खूब थिरके। जुलुश सुगौली बाजार का भ्रमण करते हुए स्टेशन चौक से थाना चौक होते हुए सिकरहना नदी घाट पर पहुंची।जहां विद्वान आचार्य के द्वारा सभी देवी देवताओं के प्रतिमाओं की पूजा अर्चन की गई।जिसके बाद नम आंखों से लोगो ने माता की बिदाई दी और प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया। वही फुलवरिया, छपवा,सुगांव के पूजा समिति के द्वारा सुगांव मन मे प्रतिमा को विसर्जित किया गया। मौके पर पूजा अध्यक्ष संदीप मिश्र,आसदेव राम,प्रियांशु सराफ,अंकुर चौधरी,उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा,प्रदीप सराफ,पार्षद श्याम शर्मा, मुखिया प्रभाकर मिश्र,रंजीत झा,अवधेश कुशवाहा,ललित सहनी, शिवजी महतो,पवन चौरसिया,सरपंच रूपेश श्रीवास्तव,संतोष जयसवाल,अमित कुमार,हेमंत झा सहित कई लोग थे।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निरीक्षक अशोक पांडेय,थानाध्यक्ष अमित सिंह,बीडीओ नूतन किरण,सीओ कुंदन कुमार,अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज,एसआई दिलीप सिंह,जयप्रकाश सिंह,शंभु साह व पुलिस बल के जवान लगे हुए थे।

## बिहार के अनुभव राज को जयपुर में मिला भारत गौरव सम्मान 2024



नई सोच एक्सप्रेस

**जयपुर।** राष्ट्रीय समाचार पत्र दिव्यांग जगत द्वारा जयपुर में आयोजित भारत गौरव सम्मान - 2024 में मुजफ्फरपुर बिहार के अनुभव राज को भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री शशि शर्मा , विशिष्ठ अतिथि श्री प्रमोद जैन चोरड़िया और श्री प्रधान कुमावत द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस पत्रिका के संपादक उत्तम चन्द जैन ने बताया कि इस सम्मान हेतु पूरे देश से प्रतिभाओं का चुनाव चयन समिति द्वारा किया गया जिसमें बिहार से एकमात्र अनुभव राज को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु सम्मानित किया जा रहा है। विदित हो कि अनुभव राज सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित हैं किंतु उनमें गज़ब का हौसला है। उनकी एक किताब 'चिड़ियों का स्कूल' 2022 में आई थी और उनकी एक कविता 'मां' एनसीईआरटी की कक्षा दो की हिंदी की पाठयपुस्तक सारंगी में भी शामिल है। अनुभव को एक दिन का राज्य निशक्तता आयुक्त बनने का भी गौरव प्राप्त है। अनुभव डी एल एड की पढ़ाई के बाद वर्तमान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय , मुजफ्फरपुर से हिंदी में स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। वह कई सम्मानों से सम्मानित हैं। उन्हें कविताएं लिखने , भ्रमण करने और लोगों से मिलने जुलने का बहुत शौक है।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## चिन्तन कीजिए अपने जीवनकाल में बिहार के लिए आप क्या योगदान देंगे



**[ अपने बिताएं समय पर चिंतन कीजिए कि अब तक जिस मातृभूमि से हवा, पानी और भोजन लिए, उस मिट्टी के लिए, अपने बिहार के लिए आपने क्या किया या आपका क्या योगदान रहा ताकि, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को वो सब शुद्ध रूप से मिल सके, जिसे आपने अब तक ग्रहण किया है। ]** किसी भी समाजसेवी की यात्रा सहज नहीं होता है। जीवन बहुत बड़ा नहीं है नश्वर है और अल्पकालिक है। इस जीवन में हम अपने बिहार से बहुत कुछ ग्रहण कर रहे हैं। चिन्तन करने के लिए आईपीएस विकास वैभव सदैव कहते है। उनका संदेश यह भी है कि बिहार की प्राकृतिक नैसर्गिक सौंदर्य को अपना तो रहे हैं पर इसकी सुंदरता आने वाली पीढ़ियों को भी नसीब हो इसके लिए हम वर्तमान पीढ़ी क्या कर रहे हैं? हमारा योगदान कितना प्रतिशत सकारात्मक है? प्रेरित करते हुए बिहार के लोगों से आईपीएस विकास वैभव कहते है कि समाज के रचनाकार बनिए विध्वंसक नहीं। आईपीएस विकास वैभवका मानना है कि स्वत्व बोध बिहारियों में जरूरी है। स्वत्व से ही बिहारियों की अलग पहचान बनेगी जैसा की हमारे पूर्वजों ने पहले किया है। जो कुछ दूसरों पर निर्भर है वह दुःखदायी है और जो कुछ स्वयं पर निर्भर है वह सुखदायक है। गोपालगंज में हुए संवाद में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से परिचय कराते हुए कहां कि बिहार के लोगों में स्वत्व का बोध होना जरुरी हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से सहमति ली कि बिहार बदलने के लिए सभी को सहयोग देना होगा। स्वत्व का क्या अर्थ है? स्वत्व का अर्थ है स्वयं की सहजता। स्वत्व दो शब्दों से बना है - स्व और त्व। स्व का अर्थ है स्वयं। त्व का अर्थ है अपना तत्व। दुर्भाग्यवश, अंग्रेजी में स्वत्व का वर्णन करने वाला कोई समकक्ष शब्द नहीं हैं। सरल व्याख्या में, स्वत्व का अर्थ है आत्म-अस्तित्व और आत्मनिर्णय की स्थिति में होना। यह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि भावनात्मक रूप से भी स्वतंत्रता (स्वतंत्रता) के बहुत करीब है। जिसमें आत्मनिर्णय की भावना हो। भारत को मेक इन इंडिया, मेक के तेजी से रास्ते पर आने में मदद मिली है। भारत के लिए और विश्व के लिए बनाओ। कोई पहले ही देख चुका है कि इनमें से कुछ पहल बेजोड़ सफलता में परिणत हुई हैं। उदाहरण के लिए, भारत दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्माता के साथ-साथ दुनिया में सबसे बड़े दोपहिया वाहन निर्माता के रूप में उभरने की सीढ़ी पर आगे बढ़ गया है। पश्चिम ने अपना स्वत्व त्याग दिया और अब परिणाम भुगत रहा है। सौभाग्य से, भारत, जो लंबे समय तक विदेशियों के अधीन रहा, आज भी अपने स्वत्व को कायम रखे हुए है। पश्चिम ने विभिन्न हथकंडों के तहत अपना स्वत्व त्याग दिया और अब परिणाम भुगत रहा है। हालाँकि, 200 वर्षों से अधिक समय तक विदेशियों के अधीन रहने के बावजूद, भारत ने अपना स्वत्व नहीं छोड़ा। इसलिए भारत धीरे-धीरे लेकिन लगातार तीन चौथाई सदी में दुनिया का नेतृत्व करने और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए वापस आया। भारत ने कई आपदाओं का सामना किया, फिर भी अपनी आत्मा की रक्षा, अपने स्वत्व की रक्षा के एकमात्र उद्देश्य से अधिकांश को अवसर में बदल दिया। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव लगातार यह संदेश दे रहे हैं कि स्वत्व बोध बिहारियों में जरूरी हैं। इसके लिए योजनाबद्ध परिश्रम की अत्यंत आवश्यकता है। स्वत्व से ही बिहारियों की अलग पहचान बनेगी जैसा की हमारे पूर्वजों ने पहले किया है। बिहार की आकृति को कीर्ति में बदलने का प्रयास ही लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान है। लोगों की हृदय की ओर तेज़ी विकास वैभव का लेट्स इंस्पायर बिहार बढ़ रहा है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## पीटपीट कर युवक की हत्या

नई सोच एक्सप्रेस



» मृतक के पिता व भाई भी गंभीर रूप से घायल

**दानापुर।** लखनीबिगहा मठ के पास वर्चस्व व दबंगई दिखाते हुए करीब आधा दर्जन लोगों ने पड़ोस में रहने वाले एक 20 वर्षीय युवक की बेहरहमी से पीटपीट कर हत्या कर दी। बीच बचाव करने गये मृतक के पिता व भाई को मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। मृतक की पहचान लखनीबिगहा मठ का रहने वाले बिजेन्द्र राय का पुत्र विशाल कुमार के रूप में की गई है। हत्या करने वाले पड़ोसी रेलकर्मी सुभाष राय, उनके दो भाई सुबोध राय एवं मुकेश कुमार, सुभाष राय का पुत्र बिट्टू कुमार, मिट्ठू कुमार एवं एक अन्य शुभम कुमार शामिल है। इस हत्याकांड के बाद मुख्य दो आरोपी फरार हो गये। मृतक के पिता बिजेन्द्र राय ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले सुभाष राय व उनके दोनो भाई सुबोध, मुकेश एवं सुभाष को दोनों पुत्र बिट्टू और मिट्ठू बिना बात के अपनी दबंगई दिखाते हुए आए दिन मारपीट किया करते रहते हैं। रविवार की रात लखनीबिगहा टोला पर स्व. राम प्यारे की पत्नी का श्राद्धकर्म के भोज में शामिल होने के लिए सुभाष का परिवार व उनका पुत्र विशाल गया हुआ था। वहां से लौटने के बाद सुभाष व उसके दोनों भाई व पुत्रों ने उनके घर पर हमला बोल दिया। सभी ने मिलकर उन्हें व उनके छोटे पुत्र पुर्णवासी कुमार उर्फ मोहित को मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे उसका मंझला पुत्र जो पेशे से ट्रैक्टर चालक है वह मुंह हाथ धोने के लिए मंदिर के अंदर जा रहा था तभी सुभाष व उसके दोनों भाई व पुत्र विशाल को पकड़ कर मारने लगे। वह जान बचाने के गली में भागा ,मगर वे सभी उसे गली से पकड़ अपने घर के अंदर ले गये और बेहरमी से तबतक पिटते रहे जबतक की उसकी मौत नहीं हो गई। वहीं आरोपित सुभाष राय, उसके पिता व उसका पुत्र घर के अंदर जा छुपे। स्थानीय आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। आरोपितों के घर पर चढ़ाई करते हुए तीन लग्जरी कार, पांच बाइक व एक ऑटो एवं घर में मौजूद सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची दानापुर, खगौल एवं शाहपुर पुलिस को लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा। लोग घर में छुपे आरोपितों को उनके हवाले करने की मांग करते रहे। अंत में माहौल बिगड़ता देख एसडीपीओ दीक्षा भार्गव मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। आरोपितों को लोगों से सुरक्षित घर से निकाल थाने ले जाने के लिए स्पेशल पुलिस बल बुलाई गई। जैसे ही आरोपितों को को घर के बाहर निकाला गया। वैसे ही लोग उसपर टूट पड़े व पत्थर चलाने लगे। इस पत्थरबाजी में खगौल एसएचओ के सिर पर पत्थर जा लगी। किसी तरह आरोपितों को लोगों से बचाते हुए पुलिस थाने ले आई। आरोपितों के घर में मौजूद महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा हेतु थाना लाया गया। वहीं पुलिस द्वारा लोगों को काफी समझाने व आरोपितों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मौके पर मौजूद एसडीपीओ दीक्षा भार्गव ने बताया कि दोनों पड़ोसियों में विवाद काफी पुराना है। दोनों के बीच मारपीट की घटना कई बार हुई है। सुभाष राय व उनके भईयों व पुत्रों द्वारा विशाल नामक युवक की पीटकर हत्या कर दी गई है। सुभाष राय, उनके पिता एवं एक पुत्र मिट्ठू को हिरासत में लिए गया है बाकी लोग फरार है जिन्हे गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा हेतु आरोपितों के घर की महिलाओं को पुलिस कस्टडी में रखा गया है। फिलहाल माहौल शांतिपूर्ण है।

# नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं। यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवतः जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी, वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चरबी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस सच्चाई की पुष्टि हैं। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से तो दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस संवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चरबी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल (जैसीकि मान्यता है) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी!

# मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। ?इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। ?करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।

# लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील



आरती कुमारी

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं, सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करें, तारीफ करें। युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वो कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा जिंदगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा



असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए।टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें। फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत जरूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत गलत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा।

रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत गलत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूं। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वो कुछ गलत ना कर सके।

# पाकिस्तान में SCO समिट का आयोजन और इमरान समर्थकों का बवाल

अशोक भाटिया , मुंबई

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहले ही कह दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को 2014 का धरना दोहराने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिसके कारण चीनी राष्ट्रपति को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आज और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में हो रहा है।आपको बता दे एससीओ की स्थापना 2001 में हुई थी। एससीओ में चीन, भारत, रूस, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। साथ ही 16 अन्य देश पर्यवेक्षक या वार्ता साझेदार के रूप में इससे जुड़े हैं।भारत से विदेश मंत्री जयशंकर इस बैठक में भाग लेने जा रहे हैं। ऐसे समय पाकिस्तान के हुक्मरान पाकिस्तान में पूर्ण शांति रखना चाहते है । ऐसे समय एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद खान ने अपनी पार्टी से यहां डी-चौक पर एक रैली आयोजित करने का आह्वान किया था, जिसके जरिये उनकी रिहाई और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की मांग की गई है। राष्ट्रीय राजधानी का डी-चौक वही स्थान है जहां पीटीआई ने 2014 में 126 दिनों तक धरना दिया था, जिसके कारण चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपनी पाकिस्तान यात्रा स्थगित करनी पड़ी थी। इस वर्ष पाकिस्तान एससीओ बैठक की मेजबानी कर रहा है और इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। चीन के प्रधानमंत्री पाकिस्तान की द्विपक्षीय यात्रा कर रहे है । शरीफ ने मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान घोषणा की थी कि यह स्वीकार्य नहीं है कि एक विशेष पार्टी ऐसे समय में पाकिस्तान के विकास में बाधा उत्पन्न करे , जब देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। पिछले हफ्ते ही पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बाद सरकार ने रावलपिंडी जेल में बंद इमरान खान के साथ सभी मुलाकातें रोक दी थीं। जेल प्रशासन ने इसके पीछे सुरक्षा का हवाला दिया था। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि सरकार एससीओ शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीटीआई के नियोजित विरोध को रोकने के लिए "पूरी ताकत" का इस्तेमाल करेगी। वैसे पाकिस्तान में आज से शुरू हो रही शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन की दो दिवसीय अब घरेलू राजनीति का अखाड़ा बन गई है। हालात इंगित कर रहे हैं कि अगर इस मुद्दे पर विपक्ष यानी इमरान की पार्टी पीटीआइ पीछे नहीं हटी तो देश में गृह युद्ध के हालात पैदा हो सकते हैं। दरअसल, पीटीआइ ने मंगलवार को इस्लामाबाद के डी-चौक पर विरोध प्रदर्शन करने का फैसले का ऐलान किया है और कहा है, कि अगर सरकार जेल में बंद इमरान को उनके परिवार, पार्टी नेताओं से मिलने तथा उनकी कानूनी टीम और डॉक्टर की फैसिलिटी उपलब्ध नहीं करवाती है, तो बड़े पैमाने में आंदोलन किए जाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने एससीओ बैठक में इस्लामाबाद पहुंचने वाले लगभग 900 एससीओ प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए 10,000 से ज्यादा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया है। पूरे इस्लामाबाद के बॉर्डर सील कर दिए गए हैं और सैकड़ों लोगों को एहतियातन गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने इस्लामाबाद में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत सेना के जवानों को भी तैनात किया है। संघीय सरकार ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 अक्टूबर से राजधानी में तीन दिवसीय छुट्टी की भी घोषणा की है। वहीं, सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने इमरान खान के साथ सभी मुलाकातें रोक दी हैं, जो वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। शंघाई सहयोग संगठन के



पहले बताया जाता है कि सऊदी अरब ने आखिर कंगाल पाकिस्तान में निवेश करने की पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की गुहार सुन ली है। इस कारण पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मनोबल बड़ा हुआ है । खबरों के अनुसार सऊदी अरब अब पाकिस्तान में 2।2 अरब डॉलर का निवेश करने पर सहमत हो चुका है। सऊदी अरब का एक 135 सदस्यीय हाइप्रोफाइल प्रतिनिधिमंडल इन दिनों पाकिस्तान की यात्रा पर है। इस दौरान दोनों देशों में 26 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के मौके पर सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद बिन अब्दुल अजीज अल फलीह और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों के बीच पाकिस्तान की जमीन पर सऊदी अरब के लिए खेती करने की डील भी हुई है। इसे सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच कॉरपोरेट खेती के क्षेत्र में सहयोग समझौते का नाम दिया गया है। इसके लिए पाकिस्तान के सबसे अहम सूबे पंजाब के खानेवाल में 10,000 एकड़ जमीन सऊदी अरब की खाद्य जरूरतें पूरी करने के लिए खेती आदि के मकसद से आवंटित की जाएगी। सऊदी अरब कॉरपोरेट खेती के लिए वित्त पोषण प्रदान करेगा और उत्पादित फसलें, फल और सब्जियां उसी देश को निर्यात की जाएंगी।समझौते के अनुसार, कृषि क्षेत्र में सऊदी अरब 70 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। खानेवाल में सऊदी अरब की ओर से नियुक्त टीम की निगरानी में और उसी की जरूरतों के अनुसार यह खेती की जाएगी। समझौता कितने साल के लिए हुआ, आदि अन्य अहम ब्योरे अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन जो पाकिस्तान अपनी ही जनता की खाद्य और अनाज जरूरतों को ही पूरा नहीं कर पा रहा है, उसका सऊदी अरब के लिए इस तरह से 10 हजार एकड़ जमीन खेती के लिए सौंप देना समर्पण से कम नहीं माना जा रहा है। पाकिस्तान को हाल ही में आइएमएफ से भी 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज मिला है। हालांकि कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने उम्मीद जताई है कि यह आखिरी मदद पैकेज होगा। साथ ही, उन्होंने आइएमएफ पैकेज पाने के लिए सऊदी के नेतृत्व का धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी मदद के बिना कार्यक्रम सफल न हो पाता। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि एक सऊदी कंपनी पाकिस्तान की तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'शेल पाकिस्तान' के 77 प्रतिशत शेयर खरीदने जा रही है, और इस संबंध में दोनों कंपनियां अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकती हैं।उधर, चीन के नागरिकों पर बढ़ते हमले के मद्देनजर, पाकिस्तान ने पिछले दिनों सशस्त्र बलों के लिए अतिरिक्त 45 अरब रुपये का बजट प्रदान करने का निर्णय लिया था। इसके पहले भी पाकिस्तान कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम के लिए 60 अरब रुपए दिए थे, जिससे बढ़ती आतंकवादी वारदातों पर काबू पाया जा सके और शंघाई सहयोग संगठन आराम से संपन्न हो सके।




**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद विवाद में नही पड़ेगे। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**मिथुन राशि** : आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद आपके मनोबल को बनाकर रखेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज बिजनेस में किसी खास काम में और अनुभव लेने की जरूरत है। आज ऑफिशियल मामलों में चापलूस प्रवृत्ति के लोगों से सावधान रहें।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें और आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी। आज आपको आनंद महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों में भी योगदान रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। आप अपने ईगो और गुस्से पर कंट्रोल रखेंगे, आज बेवजह के खर्च से बच जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले। आज अपने भविष्य और करियर के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल में चेंजेस करने की जरूरत है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे। आज बेवजह की नोकझोंक और वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। अपनी व्यवसायिक पार्टियों के साथ संपर्क में रहें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है। आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा।


**मीन राशिः** आज का दिन स्टूडेंट के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है ।

## शब्द सामर्थ्य -207

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | द्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सूडोकू नवताल- 7219

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -7218 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# सिराज से पहले जोगिंदर सहित ये क्रिकेटर भी बने डीएसपी



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तेलंगाना पुलिस में डीएसपी की नौकरी मिली है। सिराज भारतीय पुलिस में डीएसपी बनने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं। उनसे पहले दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और 2007 टी20 विश्वकप की अंतिम गेंद पर विकेट लेने वाले जोगिंदर शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी ये पद मिला था। सिराज को टी20 विश्व कप 2024 में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए तेलंगाना सरकार ने डीएसपी बनाया है। सिराज को तेलंगाना कैबिनेट ने कुछ महीने पहले ही हैदराबाद में घर बनाने के लिए भी 600 वर्ग गज जमीन दी थी। वहीं तेज गेंदबाज जोगिंदर शर्मा ने 2007 टी20 विश्व कप के फाइनल में शानदार गेंदबाजी कर भारतीय टीम को टी20 विश्वकप जिताया था। तब भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पहली बार इस ट्रॉफी जीती थी। जोगिंदर के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें हरियाणा पुलिस में डीएसपी की जगह मिली थी। उन्होंने साल 2007 में ही हरियाणा पुलिस में डीएसपी का पद संभाला था। जोगिंदर ने 2023 में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं हरभजन भी पंजाब पुलिस में रहें हैं। इस पूर्व स्पिनर को पंजाब सरकार ने डीएसपी बनाया था। उन्होंने अब पुलिस की नौकरी छोड़ दी है। भज्जी ने टीम इंडिया के लिए 103 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 417 विकेट जिबकि एकदिवसय में 269 विकेट लिए हैं। हरभजन 2011 वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं. वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत सिंह को भी पंजाब सरकार ने डीएसपी बनाया है। हरमनप्रीत ने एकदिवसीय विश्व कप 2017 सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन की पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा था।

## ग्रीन की जगह बेनक्रॉफ्ट को मिल सकता है अवसर : टेलर



**सिडनी**। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के कारण नवंबर में भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विकेटकीपर बल्लेबाज कैमरन बेनक्रॉफ्ट को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन का अपनी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना तय नहीं है। ऐसे में ग्रीन के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करना होगा। इसके तहत ही उसे बदलाव भी करने होंगे। ग्रीन पिछले साल एशेज सीरीज के दौरान भी टीम से बाहर थे तब मिचेल मार्श आए थे। वहीं इस साल की शुरुआत में डेविड वार्नर के संन्यास के बाद माना जा रहा थ कि बेनक्रॉफ्ट को पारी की शुरुआत के लिए रखा जाएगा पर तब चयनकर्ताओं ने ग्रीन को टेस्ट टीम में वापस बुला लिया और स्टीव स्मिथ से पारी की शुरुआत कराई गई पर स्मिथ अनुभवी होने के बाद भी सलामी बल्लेबाज के रूप में विफल रहे थे। ऐसे में टेलर का मानना है कि स्मिथ को फिर से चौथे नंबर पर भेजा जाएगा। टेलर ने कहा, 'मुझे लगता है कि स्मिथ फिर से चौथे नंबर पर आ जाएंगे ऐसे में मेरा मानना है कि बेनक्रॉफ्ट को उत्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत का अवसर मिलेगा।बेनक्रॉफ्ट हालांकि विवादों में भी रहे हैं। साल 2018 के गेंद से छेड़छाड़ मामले में उनपर 9 महीने का प्रतिबंध लगा था। वह पिछले दो वर्षों से शेफील्ड शील्ड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे हैं। टेलर के अनुसार युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को भी बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है। हाल में कोंस्टास ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने युवा क्रिकेटरों को खेल के टिप्स देंगे सचिन



**ह्यूस्टन**। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) में युवा क्रिकेटरों को खेल के टिप्स देंगे। सचिन राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान आयोजित एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में इन युवा क्रिकेटरों को ये टिप्स देंगे। तेंदुलकर ने कहा कि आज वह जहां पर है क्रिकेट की बदौलत ही हैं, 'क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। उन्होंने कहा,''मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से सभी कुछ हासिल किया जा सकता है। वहीं राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी को लेकर कहा कि ये एक अहम उपलब्धि है। यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा कार्यक्रम है। सचिन जैसे महान क्रिकेटर से युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन मिलने से उन्हें काफी लाभ होगा। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से समर्थन प्राप्त एनसीएल से और भी कई दिग्गज पूर्व क्रिकेटर जुड़े रहे हैं। इसमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचड्र्स जैसे नाम हैं। इसके अलावा इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी भी अपनी सेवाएं देंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का समर्थन हासिल है।

## पाक टीम से अब कोई उम्मीदें नहीं बचीं : शोएब अख्तर



**लाहौर**। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टीम के प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की है। पाक टीम को बांग्लादेश के बाद इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी है। इसके बाद से ही टीम सबके पूर्व दिग्गजों के निशाने पर है। तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एक शो के दौरान कहा कि टीम हर क्षेत्र में खराब खेल रही है। अख्तर ने कहा कि, जो बोएंगे वही काटेंगे। टीम के हालात बहुत खराब है हार जीत होती रहती है पर मैच में संघर्ष तो करना चाहिये। यहां तो टीम मुकाबला ही नहीं कर पायी। पिछले दो दिनों में हमने जो देखा, उससे कहें अब कोई उम्मीद नहीं बची है। इससे पता चलता है कि हम अच्छा नहीं कर सक रहे हैं। पहले बांग्लादेश के खिलाफ दोनो मैच हारे और उसके बाद इंग्लैंड ने 800 से ज्यादा रन बनाकर पारी से हराया। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि प्रशंसक भी कह रहे हैं कि पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। आईसीसी तक सोच रहा होगा कि क्या हमें पाकिस्तान में टीमें भेजनी चाहिए और उनका टेस्ट दर्जा बरकरार रखना चाहिए। ये बहुत निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट, प्रशंसकों के साथ ही उभरती प्रतिभाओं को नुकसान पहुंचेगा। मैं पीसीबी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस गड़बड़ को सही करे।

## पांड्या ने करियर में कई चुनौतियों का सामना किया : आकाश



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि ऑलरांउडर हार्दिक पांड्या ने अपने करियर में कई मुश्किलें भी झेली हैं। उनका करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर कहा कि जिस प्रकार निजी जिंदगी और पेशेवर चुनौतियों का सामना कर पांड्या आगे बढ़े हैं उससे उनके जुनून का पता चलता है। इस क्रिकेटर ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20आई मैच में 18 गेंदों पर ही 47 रन बना दिये थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में पांड्या ने जिस प्रकार सर्जरी से उबरकर वापसी की है। वह प्रेरित करने वाला है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं इसमें आईपीएल के दौरान हुई हूंटिंग भी है। पांड्या ने बांग्लादेश के खिलाफ पूरी सीरीज़ में आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बटोरे। उन्होंने ज़्यादातर मैचों में 200 से ऊपर के अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। चोपड़ा ने कहा बांग्लादेश के खिलाफ तीनों टी20 मैचों में उन्होंने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। पहले टी20आई में पांड्या ने 16 गेंदों पर नाबाद 39 रन बनाए। इसके बाद दूसरे में उन्होंने 19 गेंदों पर 32 रन बनाए। चोपड़ा ने कहा कि पांड्या के खेल से पता चलता है कि उनका मनोबल कितना ऊपर है। उन्होंने कवर पर छक्का लगाया और लेग साइड पर बिना देखे एक हाथ से छक्का लगाया। उनका गेंदबाजों के प्रति व्यवहार बेरहम सा रहा है।

# व्यापार

## शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत

### सेंसेक्स 200 अंक बढ़कर 81,600 पर, निफ्टी 25,000 के पार



मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 210.37 अंक बढ़कर 81,591.73 पर खुला। वहीं दूसरी तरफ निफ्टी-50 59.20 अंक की तेजी के साथ 25,023 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। विदेशी निवेशकों की निकासी कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से कम रहने की चिंता और भू-राजनीतिक संकट में वृद्धि के चलते बाजार गिरकर बंद हुआ था। बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ 81,478.49 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान 81,671.38 से 81,304.15 अंक के बीच झूलने के बाद अंत में सेंसेक्स 230.05 अंक की गिरावट लेकर 81,381.36 पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.20 अंक टूटकर 24,964.25 के लेवल पर बंद हुआ था। सोमवार को एशिया-प्रशांत बाजारों में बढ़त देखी गई क्योंकि निवेशकों ने चीन की सप्ताहांत प्रेस ब्रीफिंग का मूल्यांकन किया और क्षेत्र में जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों की तैयारी की। जापान का बाजार बंद रहा। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई और सीएसआई 300 इंडेक्स में 0.11 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.79 प्रतिशत गिरा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.5 प्रतिशत बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.46 प्रतिशत चढ़ा, जबकि स्मॉल-कैप कोस्डैक 0.43 प्रतिशत गिर गया।

## विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करना जरूरी: दास



**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं। डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई-रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 RAU's कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत के मामले में CBI ने कोर्ट में 6 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की
2 बाबा सिद्दीकी मर्डर केस:मजिस्ट्रेट कोर्ट ने प्रवीण लोणकर को 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा
3 बाबा सिद्दीकी मर्डर केस:मुंबई क्राइम ब्रांच ने तीसरे आरोपी प्रवीण लोणकर को कोर्ट में पेश किया
4 महायुति सरकार चुनाव को ध्यान में रखकर फैसले नहीं लेती:महाराष्ट्र के CM शिंदे
5 महाराष्ट्र चुनाव पर कोर ग्रुप की मीटिंग के लिए बीजेपी मुख्यालय पहुंचे अमित शाह और जेपी नड्डा
6 दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात
7 मुंबई:उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी सर्जरी, हार्ट में थे ब्लॉकेज
8 UP:बहराइच में विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद बवाल,हिरासत में 30 से ज्यादा लोग
9 दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को न्याय मिलेगा,बहराइच बवाल पर डिप्टी CM केशव प्रसाद
10 जनता को विश्वास में लेकर हिंसा रोकें,दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो,बहराइच बवाल पर प्रियंका गांधी
1 UP:बहराइच में बिगड़ता जा रहा माहौल, आगजनी और हिंसा के हालात
12 दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह लगा बैन,सरकार ने जारी की अधिसूचना
13 UP:बहराइच में बवाल के बाद बिगड़े हालात,भेजी गईं 6 PAC कंपनियां,इंटरनेट बंद
14 UP:बहराइच में बवाल को लेकर एक्शन में CM योगी,DGP से ली हालात की जानकारी
15 UP:बहराइच मामले पर CM योगी की सभी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक
16 हिम्मत है तो बाबा सिद्दीकी पर गोली चलाने वालों का एनकाउंटर कीजिए,शिवसेना UBT नेता संजय राउत
17 UP:कानपुर-इटावा हाइवे पर डंपर और कार की भिड़ंत से हादसा,5 की मौत
18 महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला,मुंबई में एंट्री के सभी टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों के लिए होगा टोल माफ
19 दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभिषेक बोइनपल्ली को SC से मिली जमानत
20 मुंबई-हावड़ा मेल में बम की धमकी,जलगांव स्टेशन पर तलाशी के बाद किया रवाना
21 केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाई गई,मिली Z कैटेगरी की सिक्योरिटी
22 झारखंड:रांची में कई जगहों पर ED की छापेमारी
23 केरल सरकार आज विधानसभा में 'वक्फ संशोधन विधेयक' के खिलाफ लाएगी प्रस्ताव
24 बम की धमकी' के बाद मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली Air India फ्लाइट को दिल्ली डायवर्ट किया गया
25 झारखंड के पलामू में दुर्गा पूजा मेले से घर लौट रही 2 नाबालिग लड़कियों के साथ गैंगरेप
26 पूर्व BJP सासंद हरनाथ सिंह यादव ने सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांगने के लिए कहा
27 महाराष्ट्र के नेताओं से मुलाकात किए राहुल गांधी,चुनावी तैयारियों का लिये जायजा
28 कैलिफोर्निया में ट्रंप की रैली के बाहर बंदूकों के साथ एक शख्स गिरफ्तार
29 हिज्बुल्लाह का इजरायल पर हमला, आईडीएफ के 4 सैनिकों की मौत
30 वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप:न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का दुबई में आज मुकाबला
31 पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों के प्रदर्शन के बाद देशभर में आज से रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल
32 दिल्ली वक्फ बोर्ड केस:राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई
33 बाबा सिद्दीकी मर्डर केस:आरोपी धर्मराज कश्यप निकला बालिग,बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट में पुष्टि
34 बीमार और कमजोर को मिलनी चाहिए जमानत... PMLA कानून पर SC की बड़ी टिप्पणी
35 50 साल में पहली बार सहारा रेगिस्तान में आई बाढ़... जानिए क्या थी वजह?
36 बिहार में सेमीकंडक्टर की कंपनी खोलकर पछता रहे हैं... CEO का पोस्ट वायरल, फिर जागा प्रशासन!
37 मुंबई में बीच सड़क शख्स की पीट-पीटकर हत्या,बचाने को ऊपर लेटी महिला,ओवरटेक को लेकर था विवाद
38 कौन है जसीन अख्तर? बाबा सिद्दीकी मर्डर केस का वो आरोपी जिसका पंजाब से हरियाणा तक फैला है नेटवर्क
39 जेल में इंटीमेट होते हैं,ऐसा सुलूक करते हैं जेलर...महिला कैदी ने बताई दर्दनाक दास्तां
40 बहराइच हिंसा: छावनी में तब्दील हुआ महसी इलाका... पीएसी-आरएफ के साथ STF की 5 टीमें तैनात, सड़क पर उतरे SP-DM और एडीजी



# वेट्टैयन ने आते ही देवरा को दी मात

## फिल्म का 14वें दिन का कलेक्शन शॉकिंग

'देवरा पार्ट 1 सिनेमाघरों में 27 सितंबर को रिलीज हुई थी. इस फिल्म का काफी बज था. बड़े पर्दे पर दस्तक देते ही जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म को पहले दिन देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ पड़े. इसी के साथ 'देवरा पार्ट 1 की बंपर ओपनिंग हुई. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर जब फिल्म ने 160 करोड़ कमा लिए तो हर किसी को लगने लगा कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार नोट छापेगी.लेकिन हुआ इसका उल्टा, दरअसल पहले हफ्ते में ही फिल्म टिकट काउंटर पर संघर्ष करती हुई नजर आई. अब तो 'देवरा पार्ट 1 के लिए चंद करोड़ कमाने में भी पसीने छूट रहे हैं. चलिए जानते हैं जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन कितनी कमाई की है जूनियर एनटीआर की 'देवरा पार्ट 1काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की अच्छी शुरूआत भी हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म अपना बजट वसूलने करने के साथ ही मेकर्स को मालामाल कर देगी. हालांकि पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की चाल बिगड़ गई और इसका केलक्शन भी हर दिन घटना शुरू हो गया. 'देवरा पार्ट 1 अब बॉक्स ऑफिस पर बेहद निराशाजनक परफॉर्म कर रही है. वहीं 300 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब लगभग दो हफ्ते पूरे हो गए हैं और ये अपना बजट भी वसूल नहीं कर पाई है. फिल्म की कमाई की धीमी रफ्तार को देखते हुए तो अब ऐसा लग रहा है कि इसका बॉक्स ऑफिस पर से अब बोरिया-बिस्तरा सिमटने वाला है. इन सबके बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो 'देवरा पार्ट 1 ने पहले हफ्ते का कलेक्शन 215.6 करोड़ रहा था. फिर सेकेंड फ्राइडे इस फिल्म ने 6 करोड़ कमाए, सेकेंड शनिवार की कमाई 9.5 करोड़ रही. इसके बाद दूसरे संडे 'देवरा पार्ट 1 ने 12.65 करोड़ रुपये, दूसरे सोमवार 5 करोड़ रुपये, दूसरे मंगलवार 4.65 करोड़ रुपये और दूसरे बुधवार 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'देवरा पार्ट 1 ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 3.50 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ 'देवरा पार्ट 1 का 14 दिनों का कुल कलेक्शन 260.90 करोड़ रुपये हो गया है. 'देवरा पार्ट 1 ने निराश कर दिया है. हालांकि स्टार कास्ट की एक्टिंग, वीएफएक्स सहित एक्शन सीक्वेंस ने दर्शकों को इम्प्रेस किया है लेकिन ये फिल्म कहानी के मामले में मात खा गई है. इसी के चलते ये बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में पिछड़ गई है. वहीं गुरुवार को सिनेमाघरों में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर वेट्टैयन रिलीज हो चुकी है और शुक्रवार को राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और आलिया भट्ट की जिगरा रिलीज हो रही है. ऐसे में साउथ इंडिया और नॉर्थ इंडिया दोनों जगह अब 'देवरा पार्ट 1 की स्क्रीन्स कम हो गई है. ऐसे में जूनियर एनटीआर के लिए अब 300 करोड़ का आंकड़ा छूना बेहद मुश्किल लग रहा है.

# बॉलीवुड में भी किसी अन्य इंडस्ट्री की तरह ही नेपोटिज्म है: राधिका मदान



राधिका मदान ने अपने करियर की शुरुआत टीवी शो से की थी. उन्होंने टीवी शो मेरी आशिकी तुम से ही अपने करियर की शुरुआत की थी. टीवी के बाद राधिका ने बॉलीवुड में फिल्म पटाखा से कदम रखा था. अब उन्होंने नेपोटिज्म पर चुप्पी तोड़ी है. राधिका ने कहा कि फिल्म वर्ल्ड के लोगों के लिए आउटसाइडर्स की तुलना में काम मिलना आसान होता है. उन्होंने नेपोटिज्म को लेकर 6 साल बाद बात की है. राधिका मदान ने कहा- बॉलीवुड में भी किसी अन्य इंडस्ट्री की तरह ही नेपोटिज्म है. उन्होंने स्टार किड्स को अपनी गलतियों से सीखने के भरपूर अवसर मिलते हैं, लेकिन बाहरी लोगों के साथ ऐसा नहीं होता. राधिका मदान ने कहा- उनको सीखने के लिए 2-3 फिल्में मिल जाती है कि अभी सीख जाएगा, अरे देखो इंप्रूवमेंट है, अरे थर्ड फिल्म में कितना अच्छा लग रहा है. राधिका ने आगे कहा-तुम एक्टिंग नहीं कर सकते, हमने तुम्हे मौका दिया, अब तुम बाहर हो. राधिका ने आगे कहा की आउटसाइडर्स को ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं. राधिका ने कहा- मेरी एक गलती होगी तो मेको तो निकाल देंगे, मेरेको नहीं मौका मिलने वाले 2-3 फिल्मों के, एक्टिंग सीखने के लिए. राधिका ने पटाखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. उसके बाद वो इरफान खान के साथ अंग्रेजी मीडियम में नजर आई थीं. इसके अलावा राधिका मोनिका ओ माई डार्लिंग, कुत्ते, सास बहू और फ्लेमिंगो और सरफिरा में नजर आ चुकी हैं.

# रजनीकांत-अमिताभ की वेट्टैयन ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

## ओपनिंग डे पर छापे 30 करोड़

बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी. फाइनली ये फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म में सालों बाद दोनों सुपरस्टार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आ रहे हैं. इससे पहले ये जोड़ी हम फिल्म में दिखी थी. ऐसे में तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. वहीं सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इसकी शुरुआत अच्छी रही है. चलिए यहां जानते हैं 'वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ से ओपनिंग की है अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर एक्शन थ्रिलर का रिलीज से पहले काफी माहौल बन गया था. दरअसल 'वेट्टैयन के ट्रेलर ने फैंस का इस फिल्म के लिए एक्साइटमेंट पीक लेवल पर कर दिया था. वहीं इस फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे फर्स्ट डे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी. सोशल मीडिया पर भी 'वेट्टैयन की काफी तारीफ हो रही है. ऑडियंस से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के साथ ही अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर फिल्म की ओपनिंग भी दमदार रही है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 30 करोड़ का बिजनेस किया है। फिल्म ने तमिल में पहले दिन 26.15 करोड़, तेलुगु में 3.2 करोड़, हिंदी में 0.6 करोड़ और



कन्नड़ में 0.05 करोड़ का कलेक्शन किया है. हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं ऑफिशियल डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है. 'वेट्टैयन की शुरुआत काफी अच्छी रही है. ओपनिंग डे पर 30 करोड़ के कलेक्शन के साथ इस फिल्म ने आमिर खान स्टारर फिल्म दंगल (29.78) और शाहरुख खान की डंकी (28 करोड़) के ओपनिंग डे के कलेक्शन का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है. हालांकि टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित ये फिल्म, नेल्सन द्वारा निर्देशित रजनीकांत की पिछली रिलीज जेलर की शुरुआती दिन की कमाई की बराबरी नहीं कर पाई है. बता दें कि जेलर ने पिछले साल अपने शुरुआती दिन में भारत में 48.35 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था. 'वेट्टैयन ने सभी भाषाओं में पहले दिन 30 करोड़ की कमाई की है जो कि काफी अच्छा कलेक्शन है. हालांकि अब शुक्रवार को फिल्म को आलिया भट्ट की जिगरा और राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो टक्कर देने आ रही हैं. इन दोनों फिल्मों का हिंदी बेल्ट में काफी बज है और ऐसे में ये 'वेट्टैयन को नॉर्थ इंडिया में झटका दे सकती हैं. ऐसे में अब देखने वाली बात होगी कि जिगरा और विक्की विद्या का वो वाला वाडियो के आगे 'वेट्टैयन हिंदी बेल्ट में कैसा परफॉर्म करती है. इन सबके बीच मेकर्स को उम्मीद है कि फिल्म को दशहरा की छुट्टी का फायदा होगा और वीकेंड पर इसकी कमाई में तेजी आएगी.

# विश्वक सेन की एक्शन-थ्रिलर मैकेनिक रॉकी की रिलीज डेट हुई अनाउंस

मैकेनिक रॉकी की रिलीज डेट सामने आ गई है। विश्वक सेन की नवीनतम एक्शन-थ्रिलर, मैकेनिक रॉकी के साथ एक उच्च-ऑक्टेन सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए, जो 31 अक्टूबर, 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। रवि तेजा मुल्लापुडी द्वारा निर्देशित और एसआरटी एंटरटेनमेंट के तहत राम तल्लूरी द्वारा निर्मित यह फिल्म एक प्रमुख सिनेमाई घटना बनने के लिए तैयार है। मैकेनिक रॉकी में कई रोमांचक कलाकार हैं, जिसमें विश्वक सेन प्रतिभाशाली मीनाक्षी चौधरी के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं, जो मुख्य महिला भूमिका निभा रही हैं। जबकि वर्तमान में कोई अन्य सीधी तेलुगु फिल्म उसी दिन




दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए निर्धारित नहीं है, मैकेनिक रॉकी का मुकाबला शिवकार्तिकियन की अमरन के तेलुगु डब संस्करण से होगा।

# शॉर्ट ड्रेस पहन इवेंट में पहुंची पलक तिवारी, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस



श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी अच्छी पहचान बना लही है। बता दें कि एक्ट्रेस ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब हाल ही में एक्ट्रेस को एक इवेंट के दौरान पैपराजी ने स्पॉट किया। जहां उनका ग्लैमरस लुक देखकर लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। एक्ट्रेस पलक तिवारी हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी को पैपराजी ने एक इवेंट के दौरान स्पॉट किया। इस दौरान वो बेहद ही गॉर्जियस लुक में नजर आईं। पलक तिवारी ने इवेंट के लिए ब्लू कलर के शॉर्ट आउटफिट को चुना। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही हॉट लग रही हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप, हाई हील्स और हॉथ में छोटा सा बैग कैरी कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस पैपराजी को क्यूट सी स्माइल देते हुए एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनका ये कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं।

# सिंघम अगेन से पहले होगा बाजीराव का तांडव, सिनेमाघरों में फिर धूम मचाएगी सिंघम

अजय देवगन बाजीराव सिंघम बनकर पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वो जल्द ही पूरी टीम के साथ सिंघम अगेन में नजर आएंगे। वही पुराना किरदार नए अंदाज में दिखेगा। फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से पहले ही बड़ा फैसला किया है। जल्द ही फिल्म के पहले पार्ट सिंघम को थिएटर्स में रिलीज कर रहे हैं। ऐसे में अगर आप सिंघम का टशन भूल गए हैं तो आप पहले पार्ट को देखकर पुरानी यादें ताजा कर सकते हैं। निर्देशक रोहित शेट्टी ने इसकी घोषणा की। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर सिंघम का मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें अजय देवगन सिंघम के मशहूर पोज में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसके साथ लिखा, दिवाली पर पूरी ताकत



के साथ आने से पहले। अनुभव करें कि यह सब फिर से कैसे शुरू हुआ। फिर से भीड़ का अनुभव करें। फिर से उल्लास का अनुभव करें। सिंघम अगेन से पहले एक बार फिर सिंघम का अनुभव करें! निर्माताओं ने कहा, टसिंघम को सिनेमाघरों में वापस लाने का फैसला सिंघम अगेन की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर फिर से सामूहिक मनोरंजन करने वाले सिंघम का अनुभव करने के लिए उत्सुक प्रशंसकों की भारी मांग को देखते हुए लिया गया है। यह फिल्म दशहरा के एक सप्ताह बाद 18 अक्टूबर को पूरे भारत में रिलीज होगी और इसकी तीसरी कड़ी सिंघम अगेन के स्क्रीन पर आने से दो सप्ताह पहले। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम 2011 में रिलीज हुई थी। सूर्या की इसी नाम की तमिल हिट की रीमेक सिंघम में अजय देवगन, प्रकाश राज और काजल अग्रवाल ने अभिनय किया था। यह बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी सफलता थी, जिसने 40 करोड़ के बजट में 141 करोड़ की कमाई की थी। पुलिस यूनिवर्स को अब सिंघम आगेन में एवेंजर्स-स्टाइल क्रॉसओवर इवेंट मिलेगा। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर और अर्जुन कपूर के साथ रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और दीपिका पादुकोण भी लीड रोल में हैं। फिल्म 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कार्तिक की भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने तोड़े सारे रिकॉर्ड्स

# सिंघम अगेन को भी दी मात, 24 घंटे में मिले 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज

कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म भूल भुलैया 3 का ट्रेलर बुधवार को जयपुर में सिनेमा का मंदिर कहे जाने वाले राज मंदिर में लॉन्च हुआ. 24 घंटे में ट्रेलर ने इतिहास रच दिया है, यह सबसे ज्यादा बार देखा जाने वाला हिंदी ट्रेलर बन गया है. हाल ही में कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने लिखा कि भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. ये सबसे ज्यादा बार देखे जाने वाला हिंदी ट्रेलर बन गया है. भूल भुलैया 3 की




दिवाली पर सिंघम अगेन से सिनेमाघरों में टक्कर होने वाली है. दोनों के ट्रेलर भी आस पास ही रिलीज हुए हैं. पहले सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया और इसे 24 घंटे में 138 व्यूज मिले. वहीं बुधवार को कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज मिले. जिससे भूल भूलैया 3 ने व्यूज के मामले में सिंघम अगेन को भी मात दे दी है. कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- इतना प्यार और सपोर्ट देने के लिए धन्यवाद, ये दिवाली भूल भुलैया वाली. पोस्टर पर लिखा है- हिस्टोरिक, भूल भुलैया 3 ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं ये 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज पाने वाला पहला हिंदी ट्रेलर बन गया है. 3.50 मिनट के ट्रेलर में अगर किसी सीन ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है तो वो है विद्या और माधुरी का डांस. हालांकि डांस की छोटी सी झलक ही ट्रेलर में दिखाई गई है लेकिन उसे भी दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।